हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 31 मार्च 2025



तापमान
अधिकतम 39.0 डिग्री
न्यूनतम 21. 0 डिग्री

4 प्रधानमंत्री आवास के साढ़े नौ हजार से अधिक हितग्राहियों ने हिन्दू नववर्ष पर किया गृह प्रवेश



## खबर संक्षेप

### नैला ईदगाह में ईद की विशेष नमाज आज

**जांजगीर-चांपा।** रमजान के पाक महीने के समाप्ति के बाद मनाया जाने वाला इस्लाम धर्म का सबसे पवित्र और खुशी का त्यौहार ईद उल फितर 31 मार्च को मनाया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए अंजुमन कमेटी नैला के अध्यक्ष रफीक सिद्दीकी ने बताया कि चांद दिखाई देने के साथ ईद उल फितर का पाक त्यौहार मनाया जाता है। ये दिन न सिर्फ पूरे महीने के रोजे और इबादत के बाद अल्लाह का शुक्र अदा करने का मौका है बल्कि भाई चारे, एकता और दयालुता का प्रतीक भी है। ईद की सही तारीख चांद दिखने पर निर्भर करती है । 2 मार्च से प्रारंभ हुए रमजान के पाक महीने की समाप्ति पर 31 मार्च को चांद देखने के साथ ही ईद उल फितर का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा । ईद के पूरनूर मौके पर प्रातः 9 बजे शारदा चौक के पास स्थित जांजगीर ईदगाह में मौलाना हाफिज मोहम्मद मिकाइल रिजवी और नैला ईदगाह में सुबह 9:30 बजे मौलाना हाफिज शराफत अली के द्वारा ईद की विशेष नमाज अदा कराई जाएगी। नमाज अदायगी के बाद एक दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद देंगे।

**अकलतरा।** मुस्लिम समाज अपना सबसे बड़ा पर्व ईद सोमवार 31 मार्च को मनाएगा। ईद की नमाज इदगाह में सुबह 8 बजकर 45 मिनट में अदा की जायेगी। सुन्नी मुस्लिम समाज के अध्यक्ष मोहम्मद इमरान ने लोगो को ईद की मुबारक बाद देते हुए कहा कि रमजान के पवित्र महिने में रोजा रखकर, तराबी की नमाज अदा कर पूरे महिने इबादत में गुजारी है उसके इनाम का दिन आज ईद है। उन्होंने समाज के लोगो से समय का ध्यान रखते हुए नमाज में शामिल होने का आग्रह किया है।

### कृषक पंजीयन शिविर का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** विकासखण्ड अकलतरा एवं बलौदा के ग्राम पंचायत पौना, किरारी, नरियरा, कोटगढ़, पकरिया झूलन, जावलपुर एवं जर्वे ब में आयोजित कृषक पंजीयन शिविर का कलेक्टर आकाश छिकारा ने निरीक्षण किया। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार को किसान पंजीयन की लगातार मॉनिटरिंग करने एवं शत प्रतिशत कृषको का पंजीयन पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने पंजीयन शिविर में पहुंचे किसानों से चर्चा की एवं किसान पंजीयन प्रमाण पत्र वितरण किया। इस अवसर पर एसडीएम अकलतरा विक्रांत अंचल, डिप्टी कलेक्टर शशि चौधरी सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे । कलेक्टर छिकारा के निर्देश पर अपर कलेक्टर ज्ञानेंद्र सिंह ठाकुर, श्रीमती आराध्या राहुल कुमार सहित सर्व एसडीएम, तहसीलदार ने ग्राम पंचायतों में आयोजित कृषक पंजीयन शिविर का निरीक्षण कर संबंधित हल्का पटवारी, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### आकांक्षा कोचिंग में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जाएगा। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकेगा। आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययन हेतु इच्छुक छात्र-छात्रायें नियम एवं शर्तों तथा आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट https://janjgir-champa.gov.in/ का अवलोकन कर सकते हैं अथवा आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा से भी संपर्क कर सकते है।

शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि प्रारंभ, नौ दिनों तक चलेगा माता सेवा

# देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ जगमगा उठे आस्था के ज्योत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



खोखरा के मनकादाई मंदिर में प्रज्ज्वलित ज्योति कलश।

शक्ति उपासना का पर्व चैत्र नवरात्रि का शुभारंभ रविवार को घट स्थापना व मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित करने के साथ भक्तिमय वातावरण में हुआ। विभिन्न मंदिरों में जवारा भी बोया गया। साथ ही शाम से ही मृदंग के थापों के साथ माता सेवा (जसगीत) का गायन भी प्रारंभ हुआ।

अंचल में बासंती नवरात्रि रविवार 30 मार्च को शुभ मुहुर्त में घट स्थापना एवं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुई। इसके साथ ही देवी दुर्गा की उपासना का पर्व प्रारंभ हो गया है। आगामी 6 अप्रैल तक अंचल देवी दुर्गा की आराधना में डूबा रहेगा। जिले के सभी देवी मंदिरों में घट स्थापना के साथ ही आस्था की ज्योत जलाई गई। जांजगीर स्थित मां शारदा मंदिर, काली मंदिर, देवी दाई मंदिर में मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये है। समीस्थ ग्राम खोखरा की मां मनकादाई मंदिर, देवांगनाारा स्थित प्राचीन मां सम्लेश्वरी मंदिर, रहसबेड़ा स्थित मां अष्टभुजी मंदिर, पुराना कॉलेज रोड स्थित मां बम्लेश्वरी मंदिर, रामाबांधा तालाब के उत्तरी ओर पर स्थित मां महामाया सम्लाई मंदिर, मां संतोषी मंदिर सहित अनेक देवी मंदिरों में भी श्रद्धालुओं द्वारा मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित कराए गए हैं। चंद्रहासिनी मंदिर चंद्रपुर में हजारों ज्योति कलश प्रज्वलित किये गए हैं। यहां सुबह घट स्थापना के लिए कलश यात्रा निकली तथा महानदी से जल लेकर कलश यात्रा मंदिर पहुंची, जहां विधि-विधान से पूजा-अर्चना उपरांत ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए। इसी तरह अन्नपूर्णा मंदिर शिवरीनारायण, मां चण्डी मंदिर केरा, मदनपुर गढ़ स्थित मनकादाई, हरदी की महामाया देवी, सलखन और नवागढ़ स्थित चण्डी मंदिर, पहरिया की अन्नधरी देवी, अड़भार की अष्टभुजी देवी, घाठाद्वारी की त्रिपुर सुंदरी, सरई सिंगार देवी मंदिर, खरौद की मनकादाई, कंकालिन देवी, महामाया देवी और शबरी मंदिर, बनारी के मनकादाई आदि देवी मंदिरों में आज घट स्थापना के साथ ही मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किये गये तथा मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना की गई। नवरात्रि के पहले दिन से ही अंचल का वातावरण श्रद्धा और भक्तिभाव से परिपूर्ण हो गया है। अनेक श्रद्धालुओं ने नवरात्रि पर्व पर आज से नौ दिनों तक का उपवास शुरू कर दिया हैं। जगह-जगह देवी भागवत, माता सेवा गीत, कीर्तन, भजन आदि प्रारंभ हो गये है। देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो गयी है। पर्व को लेकर देवी भक्तों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। नवरात्रि पर्व पर व्रत रखने वालों में महिलाओं की संख्या ज्यादा है।

### पदयात्रा कर मां अष्टभुजी के दर्शन करने पहुंचेंगे श्रद्धालु

**फगुरम।** विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति सक्ती द्वारा नवरात्रि के पावन पर्व पर आगामी 2 अप्रैल बुधवार को शाम 4 बजे से महामाई ताई मंदिर सक्ती से पैदल पदयात्रा निकाली जाएगी। इस पदयात्रा का शुभारंभ महामाई दाई मंदिर की पूजा अर्चना कर होगा तथा इस यात्रा में हजारों की संख्या में माता रानी के भक्त शामिल होंगे तो वहीं पैदल यात्रा के अष्टभुजी देवी मंदिर पहुंचने के बाद वहां रात्रि समय विशाल भंडारे का आयोजन किया गया है। चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति सक्ती के सदस्यों ने सभी भक्तजनों धर्म प्रेमियों को इस पैदल पर यात्रा में शामिल होकर पुण्य का भागी बनने का आग्रह किया है। वहीं इस पत्र यात्रा कार्यक्रम को लेकर बृहद रूप से तैयारी की जा रही है। श्री चंद्रपुर पदयात्रा सेवा समिति के संयोजक श्याम सुंदर अग्रवाल, अध्यक्ष हेमंत देवांगन एवं यात्रा प्रभारी रमेश देवांगन के मार्गदर्शन में समिति के सभी सदस्य इस यात्रा को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।



मौके पर लोगों को समझाइश देते चांपा टीआई।

# अस्पताल में डॉक्टर ने की महिला से छेड़खानी, हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- चाम्पा के कृष्णा हॉस्पिटल की घटना

चाम्पा के एक निजी अस्पताल के डाक्टर की करतूत ने डाक्टर पेशे को शर्मसार कर दिया है। डॉक्टर ने इलाज कराने पहुंची महिला के साथ छेड़खानी की। नाराज महिला के परिजनों ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर किसी तरह माहौल शांत कराया। चाम्पा पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर डॉक्टर के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चाम्पा में संचालित कृष्णा हॉस्पिटल में एक महिला रविवार 30 मार्च की दोपहर अपना इलाज कराने पहुंची। इलाज के दौरान अस्पताल के डॉक्टर जय प्रकाश देवांगन ने महिला के साथ अश्लील हरकत करने लगा। डॉक्टर की गलत नियत को भापते हुए महिला ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। कुछ देर बाद परिजन अस्पताल पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। अस्पताल में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। घटना की सूचना पर चाम्पा टी आई जय प्रकाश गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आक्रोशित लोगो को समझाइश देकर किसी तरह माहौल शांत कराया। इसके बाद महिला ने थाना पहुंचकर डॉक्टर के खिलाफ छेड़खानी का आरोप लगाते हुए मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी डॉक्टर जय प्रकाश देवांगन के खिलाफ अपराध दर्ज किया। घटना के बाद से डॉक्टर फरार हो गया है। पुलिस आरोपी डॉक्टर की तलाश में जुट गई है।

**किया है जुर्म दर्ज**

महिला ने कृष्णा हॉस्पिटल के डॉक्टर जय प्रकाश देवांगन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। अपराध कायम कर डॉक्टर की तलाश में पुलिस टीम जुट गई है।

-जय प्रकाश गुप्ता, टीआई चाम्पा



सड़क किनारे पलटा ट्रैक्टर।

# सड़क किनारे पलटा ट्रैक्टर ट्राली में दबकर मजदूर की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम धमनी की घटना

अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। ट्रैक्टर ट्राली में दबने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना सक्ती जिले के हसौद थाना अंतर्गत ग्राम धमनी की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रविवार 30 मार्च की शाम शिवरीनारायण से एक वोरबेल का ट्रैक्टर आडिल जा रहा था। ट्रैक्टर में बलौदा थाना क्षेत्र के ग्राम नवापारा निवासी 45 वर्षीय मजदूर गणेशराम पटेल अन्य मजदूरों के साथ सवार था। ट्रैक्टर हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम धमनी पहुंची थी इसी दौरान अनियंत्रित ट्रैक्टर सड़क किनारे पलट गया। ट्रैक्टर के ड्रायवर और अन्य मजदूरों ने कूदकर अपनी जान बचा ली। वहीं मजदूर गणेशराम भगत ट्रैक्टर ट्राली में दब गया। इससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के बाद मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई। हसौद थाना से पुलिस टीम मौके पर पहुंची। काफी मशक्कत के बाद ट्रैक्टर ट्राली में दबे गणेशराम पटेल को बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने उसे नजदीकी अस्पताल भेजा, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामला दर्ज कर आगे की जांच में जुटी है।

### सड़क किनारे जुआ खेल रहे चार जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**बाराद्वार।** बाराद्वार थाना क्षेत्र के ग्राम ठठारी-अकलसरा मोड़ के पास जुआ खेल रहे चार जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा है। जुआरियों के कब्जे से 1 हजार 750 रुपए बरामद किए गए है। बाराद्वार पुलिस को रविवार 30 मार्च को मुखबिर से सूचना मिली की ठठारी-अकलसरा मोड़ के पास सड़क किनारे कुछ लोग जुआ खेल रहे है। सूचना पर पुलिस की टीम ने मौके पर दबिश दी। इस दौरान ठठारी निवासी 39 वर्षीय अमित लहरे, 57 वर्षीय शांतिदास महंत, 45 वर्षीय शंकर सोनवानी और 34 वर्षीय नमन लहरे को जुआ खेलते रंगे हाथों पकड़ा गया। पुलिस ने चारों को गिरफ्तार करते हुए जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### नहर पार में खुलेआम बना रहे महुआ शराब...

**तालदेवरी।** क्षेत्र में खुलेआम कच्ची महुआ शराब बनाई जा रही है। करनौद-गोविन्दा नहर पार में खुलेआम अवैध कच्ची शराब का निर्माण किया जा रहा है। दिन दहाड़े गेलन, बॉटल और बर्तन लेकर शराब बनाने का काम किया जा रहा है। सबरिया डेरा में रोजना हजारों लीटर महुआ शराब की खुलेआम बिक्री भी हो रही है। यहां पान कि गुमटी कि तरह जगह-जगह कच्ची शराब कि खुलेआम बिक्री हो रही है,वही सबरिया डेरा गोविन्दा में रोजाना हजारों लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है, लेकिन इसकी भनक आबकारी विभाग और पुलिस को नहीं है। बेखौफ होकर कच्ची महुआ शराब का निर्माण और बिक्री पुलिस और आबकारी विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर कई सवाल खड़े कर रहा है।



# जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में दिव्यांग जनों के लिए रैंप नहीं



व्हील चेहर के सहारे सीढ़ी चढ़ती कृष्णा।

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर नैला रेल्वे स्टेशन में रेम्प की व्यवस्था नहीं होने से दिव्यांग यात्रियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दिव्यांग यात्री यहां परिजनों के सहारे किसी तरह सीढ़ी को पार कर प्लेटफार्म तक पहुंचते है। दिव्यांग यात्री कृष्णा यादव अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन पहुंची। यहां उन्हें रैंप और लिफ्ट नहीं होने से सीढ़ियों के माध्यम से ही प्लेटफार्म तक जाना पड़ा इससे उन्हें बहुत परेशानी हुई है। उन्होंने बताया कि स्टेशन पर व्हीलचेयर बहुत पुरानी है जो जर्जर अवस्था में थी, दिव्यांग जनों के लिए दिव्यांग शौचालय भी नहीं है और पानी के लिए दिव्यांग जनों के लिए अलग से पेयजल की सुविधा नहीं है। पानी का नल बहुत ऊंचाई पर लगा है जबकि दिव्यांग जनों के लिए नल की ऊंचाई को कम किया जा सकता है। दिव्यांग जन अधिकार अधिनियम 2016 के तहत दिव्यांग जनों के लिए सार्वजनिक स्थलों पर जरूरी सुविधाएं सुलभ होना अनिवार्य हो गया है। इसके बावजूद दिव्यांगजनों को आए दिन भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। कृष्णा यादव ने कहा कि जन प्रतिनिधियों और जिला प्रशासन को समस्या का समाधान करने इस दिशा में पहल करने की जरुरत है।

# स्वास्थ्य शिविर में 122 लोगों का परीक्षण कर दी गई दवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



मरीजों का उपचार करते चिकित्सक।

भवानी जन सेवा समिति अकलतरा के तत्वावधान में रविवार को लिखमानिया धर्मशाला अकलतरा में श्रवण बाधित समस्या, बच्चों की समस्या सहित अन्य रोगों के उपचार के लिए निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का शुभारंभ विधिवत पूजा अर्चना के साथ करने के पश्चात डॉक्टरों की टीम का स्वागत श्रीमती उर्मिला,अग्रवाल श्रीमती सुनीता गुप्ता ,श्रीमती सुवृता केडिया ,श्रीमती विधि अग्रवाल एवं श्रीमती आंचल केडिया के द्वारा किया गया। शिविर में 122 लोगों का पंजीयन एवं उपचार किया गया। शिविर में डॉ गुंजन अग्रवाल द्वारा 50 कम सुनाई देने वाले मरीजों का परीक्षण कर उन्हें श्रवण यंत्र प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया। शेष 32 लोगों को दो दिवस पश्चात श्रवण यंत्र लेने हेतु पवन मेडिकल से संपर्क करने के लिए कहा गया जहां उन्हें उक्त श्रवण यंत्र प्रदान किया जाएगा। शिशु रोग एवं मानसिक परेशानी यथा हकलाना ,सीखने में आने वाली परेशानी चलने एवं उठने में होने वाली परेशानी को दूर करने हेतु आवश्यक सुझाव एवं व्यायाम बताए गए। वयस्क नागरिकों के घुटनों के जोड़ों में होने वाली समस्या के निदान के लिए डॉ पूनम पांडे के द्वारा आवश्यक दवाएं एवं यौगिक क्रियाएं बताई गईं। मुख एवं दंत रोग विशेषज्ञ डॉक्टर आराधना द्वारा जांच पश्चात टूथपेस्ट एवं आवश्यक दवाइयां प्रदान करवाई गई । डॉ दीपिका गोस्वामी द्वारा बच्चों के विकास हेतु जांच पश्चात आवश्यक सुझाव दिए गए। डॉ चिरंजीव शर्मा द्वारा कान नाक गला के रोगों के उपचार हेतु दवाइयां प्रदान की गई। शिविर में परीक्षण उपरांत समस्त मरीजों को विद्या देवी हरीश केडिया बिलासपुर के द्वारा निशुल्क दवाइयां प्रदान करने सहित संपूर्ण भार वहन किया गया। स्वास्थ्य शिविर में दिए गए श्रवण यंत्रों का संपूर्ण व्यय समाजसेवी पवन सुल्तानिया शिवरीनारायण द्वारा वहन किया गया। आभार प्रदर्शन राजू अग्रवाल बिलासपुर के द्वारा किया गया। शिविर के आयोजन में भवानी जन सेवा समिति के संयोजक प्रकाश केडिया, सुरेश मुकीम, मुरारी ताम्रकार, सुशील गुप्ता, नवल अग्रवाल, छेदीलाल शर्मा, महेश कुमार अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, राजेश अग्रवाल शिवरीनारायण का योगदान रहा।

स्टाफ के साथ ग्राहकों की रोज हो रही नोकझोंक

# सुविधाओं की कमी से जूझ रहा जिला मुख्यालय का डाकघर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती



सक्ती के जिला मुख्यालय में संचालित डाकघर।

सक्ती भले ही जिले का स्वरुप ले चुका है, किंतु सुविधाओं के मामले में देखा जाए तो जिले के हिसाब से मिलने वाली सुविधाएं नगण्य है। यहां का पोस्ट ऑफिस दशको पुराना है, लेकिन सुविधाओं की कमी बरकरार है, जिसके चलते ग्राहक परेशान हो रहे है। पोस्ट ऑफिसके स्टाफ और ग्राहकों के बीच नोकझोक आम बात हो गई है।

वर्तमान में भारत सरकार पोस्ट ऑफिस को इतना अधिक सुविधाजनक बनाने की बात कहती है, लेकिन सक्ती के डाकघर को देखकर ऐसा कुछ नजर नहीं आता। यहां के डाकघर में सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। यहां आए दिन स्टाफ की कमी रहती है, जिससे समय पर ना तो स्पीड़ पोस्ट की सुविधा मिल पाती और ना हीं डाकघर के बचत कर्ताओं को उनकी पासबुक प्रिंटिंग की सुविधा मिलती है। अनेको मर्तबा देखा जाता है कि जब लोग यहां पासबुक प्रिट करवाने पहुंचते हैं तो यही कहा जाता है कि हमारे पास अभी स्टाफ नहीं है, प्रिंटर खराब है, सेवाएं उपलब्ध नहीं है। कुछ ऐसा ही 28 मार्च को देखने को मिला। जब शहर का एक व्यापारी सक्ती के डाकघर में स्पीड पोस्ट करवाने के लिए पहुंचा तो वहां मौके पर उपस्थित कर्मचारियों द्वारा बताया गया की स्पीड पोस्ट अभी नहीं हो रहा है, कारण पूछे जाने पर कहा गया कि हमारा प्रिंटर खराब है,तब युवक ने कहा कि प्रिटर की सुविधा आप लोग को ऑप्शन में दूसरी मशीन भी रखनी चाहिए क्योंकि स्पीड पोस्ट आपातकालीन सेवा है जो कि लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान भेजने के लिए अति आवश्यक सेवाओं में आता है। पोस्ट ऑफिस में सुविधाओं की कमी परेशानी का सबब बनी हुई है। डाकघर के कर्मचारियों और ग्राहकों के बीच नोकझोक आम बात हो गई है। 28 मार्च को स्पींड पोस्ट की सुविधा नहीं मिलने पर सक्ती के व्यापारी हेमंत अग्रवाल ने इसकी शिकायत लिखित में डाकघर सक्ती के आधिकारी से की है। नगरवासियों ने यहां स्टाफ के साथ व्याप्त अव्यवस्था को दूर करते हुए व्यवस्था बनाने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### पाली मंडल अध्यक्ष व महामंत्री भाजपा से निष्कासित

**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी ने पाली मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह एवं महामंत्री विवेक कौशल को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित कर दिया है। यह कार्रवाई उनके खिलाफ लगे गंभीर आरोपों को देखते हुए की गई है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशानुसार यह निर्णय लिया गया, जिसकी पुष्टि प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी जगदीश राम रोहरा ने हस्ताक्षरित आदेश में की। इस आदेश के अनुसार, रोशन सिंह को तत्काल प्रभाव से पार्टी से निष्कासित किया गया है। इस निर्णय की सूचना पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों को भेज दी गई है, जिनमें राष्ट्रीय सह-संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, प्रदेश प्रभारी नितिन नबीन, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश महामंत्री पवन साय और जिला अध्यक्ष भाजपा कोरबा शामिल हैं।

### झूलेलाल महाराज का प्राकट्य उत्सव पर निकाली बाइक रैली



**कोरबा।** वरुण देव के अवतार निशांत झूलेलाल महाराज का प्राकट्य उत्सव सिंधी समाज चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को चेट्रिचंड्र के रूप में मनाएगा। इससे पूर्व समाज के यूथ रिंग ने कोरबा में बाइक रेली निकाली। काफी संख्या में युवा इस रैली में शामिल हुए। रानी रोड स्थित भगवान झूलेलाल के मंदिर में शनिवार को रैली की शुरुआत हुई। समाज के वरिष्ठ प्रतिनिधियों ने बाइक स्कूटी रैली को रवाना किया। रैली में सहभागी लोग श्वेत वस्त्र में थे। वे भगवा टोपी लगाए हुए थे। रानी रोड मुख्य मार्ग से होते हुए रैली ट्रांसपोर्ट नगर तक पहुंची। रास्ते में कई जगह सामाजिक संगठनों के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया। बताया गया कि इसके माध्यम से सामाजिक सरोकारों को मजबूती देने एवं अपनी संस्कृति और परंपरा को कायम रखने का संदेश दिया गया है। समाज की ओर से जानकारी दी गई की झूलेलाल प्राकट्य दिवस पर रविवार को सुबह मंदिर में पूजा अर्चना और भजन संकीर्तन किया जाएगा। दोपहर में भंडारा होगा और शाम को विभिन्न कार्यक्रम भी किया। समाज के सभी बंधुओ से आयोजन में भागीदारी करने का आग्रह किया गया है।

### नरेश टंडन बने विधायक प्रतिनिधि



**कटघोरा।** कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के द्वारा वनमंडल कटघोरा के लिए भाजपा नेता एवं जिला मंत्री नरेश टंडन को अपना विधायक प्रतिनिधि नियुक्त किया उनकी विधायक प्रतिनिधि नियुक्ति होने से विकास कार्यों को गति मिलेगा विधायक ने इस आशा का पत्र वनमंडलाधिकारी अधिकारी कटघोरा को भेजा गया है।

### ठेका श्रम बोर्ड ने एसईसीएल गेवरा खदान का किया निरीक्षण, पाई खामियां



**कोरबा।** केंद्रीय सलाहकार ठेका श्रम बोर्ड के चेयरमैन सुरेन्द्र पाण्डेय एवं सदस्य शिवकुमार यादव ने एसईसीएल के मेगा प्रोजेक्ट गेवरा का निरीक्षण किया। इस दौरान कई तरह की खामियां नजर आईं। 13 साल बाद बोर्ड के पदाधिकारियों का यह निरीक्षण हुआ। केंद्रीय सलाहकार ठेका श्रम बोर्ड के चेयरमैन एवं सदस्य ने गेवरा खदान पहुंचकर ठेका श्रमिकों से सीधे संवाद किया। ठेका श्रमिकों से मिलने वाल सुविधाओं के बारे में जानकारी ली गई। वेतन, सीएमपीएफ कटौती, चिकित्सीय सुविधा एवं उनके अधिकारों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। बोर्ड के पदाधिकारियों को हाई पावर कमेटी एवं बोर्ड द्वारा निर्धारित मापदंडों में कई कमियां मिली। कई श्रमिकों पहचान पत्र जारी नहीं किया गया और न ही उन्हें किसी प्रकार की चिकित्सीय सहायता/सुविधा मिल रही थी। नियमानुसार सीएमपीएफ कटौती नहीं हो रही थी और वेतन का उचित भुगतान हनीं किया जा रहा था।

### जिला सरकारी बैंक में किसानों को पैसे निकालने हो रही परेशानी

**कोरबा।** नगर पंचायत पाली के जिला सरकारी बैंक में किसानों को धान को समर्थन मूल्य में बेचने के बाद पैसा निकालने के लिए भी किसानों को बैंक अधिकारी कर्मचारियों से तू तू मैं मैं के साथ भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में किसानों को बैंकों में सुविधा की बजाए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस कड़ी धूप में सिर पर गमछा बांधकर किसान लाइन लगकर पैसे के लिए जद्दोजहद कर रहे हैं। आएदिन बैंक का चक्कर लगाना समस्या बन गई है। किसान लगातार अपने बेचे गए धान का पैसा लेने के लिए बैंक का चक्कर काट रहे हैं। भुगतान की प्रक्रिया ऑनलाइन होने के बावजूद सहकारी बैंक में किसानों की भीड़ रोज लग रही है। कई किसानों को पखवाड़े भर बाद पैसा हाथ नहीं लगा है।

## पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सरईपाली बुड़बुड़ खदान का मामला

# कोल ट्रांसपोर्टरों में वर्चस्व की लड़ाई, एक की हत्या, दो घायल



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।





अस्पताल के बाहर जुटी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सराईपाली कोयला खदान में वर्चस्व को लेकर लंबे समय से दो कोल ट्रांसपोर्टरों में विवाद की स्थिति बनी हुई थी। शुक्रवार की रात एक बार फिर दोनों ट्रांसपोर्टरों के बीच आमना सामना हुआ

**खास बात**

- पुलिस ने भाजपा मंडल अध्यक्ष सहित एक दर्जन आरोपियों को किया गिरफ्तार

और दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर चाकू व डंडे से हमला बोल दिया। इस हमले में कोल ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल की मौत हो गई है। वहीं दो लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। घटना के बाद लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और आक्रोशित भीड़ ने जमकर बवाल काटा। भीड़ ने कई वाहनों में तोड़फोड़ की और मुख्य आरोपी के वाहन को आग के हवाले कर दिया। स्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है। पुलिस ने मामले में भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर सहित कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया है।

पाली थाना क्षेत्र अंतर्गत एसईसीएल के सराईपाली कोयला खदान में लंबे समय से दो कोल ट्रांसपोर्टरों के बीच वर्चस्व की लड़ाई चली आ रही थी। समय समय पर दोनों गुट के बीच विवाद की स्थिति निर्मित होती रही है। शुक्रवार की रात लगभग 10:20 बजे सरईपाली बुड़बुड़ खदान में कोल ट्रांसपोर्टर रोहित जायसवाल



मृतक रोहित



आरोपी रोशन

अपने तीन साथियों के साथ कोयला लोड करने पहुंचा था। इसी दौरान कोल ट्रांसपोर्टर रोशन सिंह ठाकुर भी अपने भाई व अपने 20-25 साथियों के साथ हथियारों से लैस होकर मौके पर पहुंचा। इस दौरान रोशन सिंह खदान के गेट के सामने विवाद करने लगा। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि रोशन सिंह ठाकुर ने रोहित जायसवाल को पीटना शुरु कर दिया। फिर क्या रोशन सिंह व उसके साथियों ने मिलकर चाकू व डंडे से रोहित जायसवाल के उपर ताबड़तोड़ हमला करना शुरु कर दिया। इस घटना में गंभीर रुप से घायल रोहित जायसवाल उम्र 38 वर्ष पिता उमाशंकर जायसवाल गंभीर रूप से घायल हो गए। रोहित को स्थानीय लोगों की मदद से उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत रोहित को मृत घोषित कर दिया। इस हमले में महेश गढवाल व एक अन्य गंभीर रुप से घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए बिलासपुर स्थित अस्पताल में रेफर किया गया है। शनिवार की सुबह आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग पाली थाना जा पहुंचे थे। जहां पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों की धरपकड़ के लिए 6 टीम अलग-अलग गठित की गई थी। पुलिस ने इस हत्या की वारदात में शामिल लोगों के खिलाफ अपराध पंजीकृत कर हत्या में शामिल 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। इलाके में तनाव को देखते हुए पुलिस ने चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा बल तैनात कर दिया है।

### घरों व वाहनों में तोड़फोड़, आगजनी

देर रात पाली में जैसे ही वारदात की सूचना स्थानीय लोगों को मिली लोगों का आक्रोश फूट पड़ा और बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल गए। जिसके बाद आक्रोशित भीड़ ने इस हत्याकांड में शामिल मुख्य आरोपी पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन सिंह ठाकुर सहित उसके साथियों के घरों में घुसकर तोड़फोड़ करना शुरु कर दिया। इसके अलावा भीड़ ने गाड़ियों में भी तोड़फोड़ करते हुए वाहनों को आग के हवाले करना शुरू कर दिया। देर रात पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी को इस घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी सहित पुलिस के अन्य अधिकारी पाली पहुंचे और लोगों को समझा बूझकर किसी तरह स्थिति को कंट्रोल में किया गया।





### 12 आरोपी गिरफ्तार

मामले में 16 लोगों के खिलाफ नामजद अपराध दर्ज किया है। जिनमें रोशन सिंह ठाकुर, गौरव सिंह ठाकुर, वासु ठाकुर, सौरभ श्रीवास, सुशांत ठाकुर उर्फ सीजू, संस्कार ठाकुर, मोंटी कश्यप, मुकेश श्रीवास, सुनील सागर, प्रभात दुबे, निलेश सिंह राज, कैलाश कैवर्त, अनिल मरावी उर्फ छोटू, मयंक सिंह ठाकुर, सूरज पासवान, सुरेंद्र सिंह चौहान शामिल हैं। मामले में एसईसीएल के सब एरिया मैनेजर सुरेंद्र सिंह चौहान के खिलाफ भी मामला दर्ज किया गया है। वहीं हत्या के मुख्य आरोपी पाली भाजपा मंडल अध्यक्ष रोशन ठाकुर व उसके भाई व भांजे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं बांकी आरोपियों ने खुद थाने में आकर संरेडर कर दिया है।

### अब जानिए क्या थी रोशन और रोहित के बीच लड़ाई

रोहित जायसवाल और रोशन ठाकुर दोनों कोल ट्रांसपोर्टर्स हैं। इन दोनों के पास एसईसीएल सराईपाली बुड़बुड़ खदान में सी ग्रेड कोयला परिवहन करने की परमिट है, लेकिन रोशन ठाकुर ज्यादा पावरफुल है और खदान के अंदर लोगों से उसकी सेटिंग है। सी ग्रेड कोयले में कुछ अच्छा माल भी रहता है। ऐसे में रोशन ठाकुर खदान के अंदर मौजूद लोगों से साठगांठ कर अच्छे माल को अपनी गाड़ियों में लोड कराता था। खराब माल रोहित जायसवाल के लिए बचवा देता है। इससे रोहित को नुकसान और रोशन को मुनाफा होता था। इसी बात को लेकर दोनों के बीच में विवाद चल रहा था।

### पाली थाना प्रभारी लाइन अटैच

इधर दूसरी तरफ घटना दिनांक को पाली के थानेदार विनोद सिंह थाना से नदारत रहे। ड्यूटी में बरती गई लापरवाही को देखते हुए एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने पाली थाना प्रभारी एसआई विनोद सिंह को तत्काल लाइन अटैच कर दिया है। वहीं निरीक्षक युवराज सिंह को पाली थाना प्रभारी बनाया गया है। पाली थाना में वारदात के बाद युवराज तिवारी ने पाली थाने पहुंचकर चार्ज भी ले लिया है।

### आरोपियों का जुलूस निकालने पर अड़े परिजन

घटना के बाद स्थानीय लोगों में काफी आक्रोश देखा जा रहा है स्थानीय लोगों ने रोहित जायसवाल के आरोपियों की धरपकड़ सहित उनके जुलूस निकालने की मांग प्रशासन पुलिस से की थी। तब तक मृतक रोहित का पीएम व अंतिम संस्कार नहीं करने पर अड़े हुए थे। बाद में पुलिस के आला अधिकारियों ने उन्हें समझाइश दी जिसके बाद दोपहर को स्थानीय लोगों की पहल पर मृतक रोहित जायसवाल के शव का अंतिम संस्कार किया गया। हालांकि अब भी पाली में तनाव की स्थिति बनी हुई है। पुलिस के आला अधिकारी सहित चप्पे चप्पे पर पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है, जिससे मौके पर शांति व्यवस्था बनी रहे।

### आरोपी के पिता पर आक्रोशित भीड़ ने किया हमला

हत्याकांड के बाद थाने में लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान आरोपी प्रभात सिंह ठाकुर के पिता सुभाष सिंह ठाकुर बिलासपुर से रात में वापस पाली पहुंचे और बस स्टैंड से अपने घर जाने के दौरान थाने के समीप खड़े हुए थे कि आक्रोशित भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। इसी तरह शुभम श्रीवास पर भी भीड़ ने हमला कर घायल कर दिया है। दोनों घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया है।

# कमेटी 15 दिन में तय करेगी कोयला कर्मचारियों के लिए ऑफिस ड्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल सहित कोल इंडिया के सवा दो लाख अधिकारी व कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड लागू होगा। कंपनी के चेयरमैन, निर्देशक, सीएमडी से लेकर जनरल

**खास बातें**

- कोल इंडिया में चेयरमैन से कर्मी तक नजर आएंगे एक यूनिफार्म में
- कोल कर्मियों के लिए जुलाई के प्रथम सप्ताह में लागू होगा ड्रेस कोड

असिस्टेंट (सहायक कर्मी) तक एक ही यूनिफार्म में दिखेंगे। एसईसीएल में 35 हजार से अधिक अफसर व कर्मी इसके दायरे में आएंगे। ऑफिस ड्रेस तय करने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। इसमें प्रबंधन और केंद्रीय ट्रेड यूनियन के प्रतिनिधियों को रखा गया है। कमेटी को 15 दिनों में अपनी सिफारिशें देनी है।

कोल इंडिया अपना 50 स्थापना दिवस समारोह मना रही है। इस क्रम में कई बदलाव कर रही है। कंपनी ने कर्मियों का पदनाम तक बदल दिया है। ड्रेस कोड लागू करने के लिए गठित कमेटी तय करेगी कि यूनिफार्म का रंग क्या होगा। यह ठेका





श्रमिकों पर भी लागू होगा। जूता भी दिया जाएगा। धुलाई के लिए कमेटी वाशिंग भत्ता तय करेगी। इस संबंध में जारी कार्यालय आदेश में कहा गया है कि प्रबंधन और सहभागी केंद्रीय ट्रेड यूनियनों के प्रतिनिधियों वाली एक समिति का गठन किया जाता है, जो कोल इंडिया और सहायक कंपनियों के सभी कार्यरत कर्मचारियों को ऑफिस यूनिफार्म प्रदान करने के लिए विस्तृत तौर-तरीकों के साथ-साथ विशिष्टताओं की सिफारिश करेगी। कमेटी में प्रबंधन की ओर से एमसीएल के निदेशक (मानव संसाधन) केशव राव, डब्ल्यूसीएल के निदेशक (एचआर) डॉ. हेमन्त शरद पांडे, कोल इंडिया के जीएम (एसएंडआर) ए. कार्तिकेयन, कोल इंडिया के जीएम (एमएम) एस.के. मैमुद अली, एसईसीएल की जीएम (वित्त) सुश्री रोंटी बसु, जीएम (एचआर)-आईआर व कोल इंडिया –को-ऑर्डिनेटर गौतम बनर्जी हैं। केंद्रीय ट्रेड यूनियन की ओर से बीएमएस के सुजीत सिंह और रंजन बेहरा, एचएमएस के विनय सिंह, एटक के अजय कुमार और सीटू के मंतोष ताए हैं। आदेश के मुताबिक कमेटी अपने गठन के 15 दिनों के भीतर कोल इंडिया के निदेशक (मानव संसाधन) को अपनी सिफारिशें प्रस्तुत करेगी। ड्रेस कोड को जुलाई के प्रथम सप्ताह में लागू करने का विचार किया जा रहा है।

### एक यूनिफार्म पर साल में नौ हजार का बजट

कोल इंडिया ने प्रारंभिक तौर पर एक कर्मचारी की साल में दो गहरी नीली पेंट और आसमानी कमीज देने का प्रावधान रखा है। इस पर विस्तार से विमर्श के बाद पूरी स्थिति स्पष्ट होगी। एक कर्मचारी पर वर्ष में नौ हजार रुपये का बजट आएगा। कोल इंडिया डीपी विनय रंजन इस मामले को देख रहे है।

# नहर में कूदा युवक, दो दिन बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नहर में बहे स्कूली छात्र का शव दो दिन बाद पुलिस ने बरामद कर लिया है।परिजन सुबह शव तलाश में गए हुए थे जहां उनकी नजर पड़ने पर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई और शव को नहर से बाहर निकाला गया।

बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभांठा निवासी 17 वर्षीय अविनाश कुमार 27 मार्च को अपने चार दोस्तों के साथ नहाने के लिए कोहड़िया स्थित नहर में गया हुआ था। इस दौरान अविनाश नहर के तेज बहाव में बह गया और इस घटना के बाद हड़कंप मच गया इसकी सूचना सीएसईबी चौकी पुलिस को दी गई थी। जहां जिला प्रशासन के रेस्क्यू टीम की मदद से तलाश जारी थी। उसका बरामद नहीं किया जा सका था। मृतक छात्र के पिता ने बताया कि अविनाश को तैरना नहीं आता था। कभी भी नहर में नहाने नहीं आया है। लेकिन दोस्तों के कहने पर वह नहाने के लिए आया हुआ था। उसे पता चला है कि उसके दोस्त जो साथ में गए हुए थे। दोस्तों के कहने पर वह नहर में कूद गया। इसके बाद उन लोगों ने बचाने का प्रयास किया। लेकिन पानी का बहाव अधिक तेज होने के कारण अविनाश बह गया।



मृतक अविनाश के समीप जुटी भीड़।

**न्यायालयः असलम खान, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**

**समंस/ईश्तहार**

व्य०वाद प्र० क्र0-04A/2018 पेशी दिनांक 16/04/2025
प्रोसेस नम्बर - 359/2025 22.03.2025

**श्याम बाई वगैरह विरुद्ध हठारु वगैरह**

आवेदक श्याम बाई केंवट, पिता स्व. साधराम केंवट, उम्र 63 वर्ष, जाति-केंवट, निवासी-ग्राम-बम्हनीडीह, तहसील-चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ०ग०), हाल मुकाम-पंप हाउस मेगजीन भांठा कोरबा, जिला-कोरबा छ0ग0 के द्वारा प्रतिवादी के विरूद्ध वाद वास्ते घोषणा बाबत वाद प्रस्तुत किया गया है, जिसमें प्रतिवादी क्र. 13-सीता उर्फ भूरी बाई केंवट, पिता-होरीलाल केंवट, जाति-केंवट,निवासी-ग्राम-बम्हनीडीह, तहसील-चांपा, जिला-जांजगीर-चांपा (छ०ग०), हाल मुकाम-बुढ़ार मोहल्ला सोनरन टोला, पोस्ट व थाना-बुढ़ार, जिला-शहडोल, मध्यप्रदेश। की उपस्थिति दिनांक 16/04/2025 को ठीक 11:00 बजे जवाब देने के लिए उपसंजात उपस्थिति के लिए नोटिस/ईश्तहार/समंस जारी किया जाता है। आप न्यायालय में स्वंय या किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते हैं जिसे सम्यक अनुदेश दिया गया हो और इस वाद के सभी सारवान प्रश्न का उत्तर दे सकें। न्यायालय में आप लोगों के उपसंजात के लिए जो दिन नियत किया गया है, उस दिन अपना जवाब उपस्थिति या अन्य कोई दस्तावेज जो संबंधित हो, पेश करने के लिए प्रतिरक्षा के लिए तैयार रहना चाहते हैं। आपको सूचित किया जाता है कि, उपर बनायी गयी तारीख 16/04/2025 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होने पर वाद का निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा। टीप :- अगर उक्त पेशी दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है या मैं अवकाश पर रहता/रहती हूं या किसी वजह से कार्य स्थगित हो जाता है, तो वाद की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी और उक्त तिथि को अनुपस्थित रहते हैं तो आपके अनुपस्थिति में एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 22/03/2025 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**(असलम खान)**
**व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी, चांपा जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

**TOP IN JANJGIR**

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**



**डॉ. दिलीप जैन**
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ

शिशु एवं बाल्यरोग विभाग — 24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
- न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
- तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
- पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
- डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
- गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
- क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
- आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
- हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
- तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,

पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**



जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
**डॉ. प्रदीप जैन**
M.B.B.S, M.S, MCh
Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
- पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,

सुविधाएं: दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन

पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**



जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
**डॉ. सुमिता जैन**
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

दंत रोग विभाग
- दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
- दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
- मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज

पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
- बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
- नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
- अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,

24/7 EMERGENCY SERVICES

सुविधाएं: सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श

पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का **राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल**

जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- पेट से सम्बन्धित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सरकम सीजर (ख़तना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
- पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
- हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
- शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,

सुविधाएं
- मॉड्युलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
- 15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
- सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
- सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.

पताः- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

30-Mar- JAS-KORIYA-RAG- JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 3/30/2025 8:00 PM Page 1





# केसरीः चैप्टर 2': सी शंकरन नायर बन छाए अक्षय कुमार

**मुंबई।** अक्षय कुमार बॉलीवुड के उन अभिनेताओं में शुमार हैं, जो एक साल में कई फिल्में करते हैं। पिछली बार उन्हें फिल्म 'स्काई फोर्स' में देखा गया था। अब जल्द ही अक्षय फिल्म 'केसरीः चैप्टर 2' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान करण सिंह त्यागी ने संभाली है। आर माधवन और अनन्या पांडे भी फिल्म का हिस्सा हैं। दोनों की झलक पहले ही सामने आ चुकी है। अब निर्माताओं ने 'केसरीः चैप्टर 2' अक्षय का लुक जारी कर दिया है। 'केसरीः चैप्टर 2' में अक्षय वरिष्ठ वकील सी शंकरन नायर की भूमिका में नजर आएंगे। पोस्टर में उनका धांसू अवतार दिख रहा है।

## लाइफ Style



# राशा
## श्रीलीला भी निभाएंगी अहम भूमिका

एजेंसी ⏭ मुंबई

मुदस्सर अजीज के निर्देशन में बनी फिल्म 'पति पत्नी और वो' ने दर्शकों का जमकर मनोरंजन किया था, वहीं समीक्षकों से भी इस फिल्म को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली थी। इस फिल्म में अनन्या पांडे, कार्तिक आर्यन और भूमि पेडनेकर की तिकड़ी नजर आई थी।

'पति पत्नी और वो' के सीक्वल का ऐलान पहले ही हो चुका है। अब खबर है कि इस फिल्म में कार्तिक की जोड़ी रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी के साथ बन सकती है। मिडे-डे की एक रिपोर्ट के अनुसार, 'पति पत्नी और वो 2' में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने राशा से संपर्क किया है। खास बात यह है कि उन्होंने फिल्म की कहानी में दिलचस्पी दिखाई है और वह जल्द ही फिल्म की स्टार कास्ट में शामिल हो सकती हैं। बता दें कि राशा ने अजय देवगन की फिल्म 'आजाद' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।

**फिल्म में नजर आएंगी श्रीलीला :** 'पति पत्नी और वो 2' में कार्तिक और राशा के साथ श्रीलीला भी नजर आएंगी। तीनों की तिकड़ी देखने के लिए दर्शक उत्साहित हैं।फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है और जल्द ही इसकी शुटिंग शुरू हो सकती है। बता दें 'पति पत्नी और वो' 6 दिसंबर, 2019 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और इसने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 86.89 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार किया था। अब करीब 6 साल फिल्म का सीक्वल आ रहा है।

## हॉलीवुड मसाला



# निभाना चाहते हैं डंबलडोर का किरदार

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता पियर्स ब्रॉसनन ने हाल ही में यह खुलासा किया है कि उनका हमेशा से सपना रहा है कि वह हैरी पॉटर सीरीज के मशहूर हेडमास्टर डंबलडोर का किरदार निभाएं। 72 साल के हो चुके इस अभिनेता ने कहा कि जैसे-जैसे उनका बालों का रंग सफेद होता जा रहा है वैसे-वैसे जिंदगी के अनुभव उनके चेहरे पर साफ दिखने लगे हैं और अब उनका ध्यान इस महत्वपूर्ण भूमिका पर ज्यादा केंद्रित हो गया है। उन्होंने डेली टेलीग्राफ से बातचीत के दौरान कहा, मेरे बाल सफेद हो गए हैं और जीवन के अनुभव अब मेरे चेहरे और कंधों पर साफ दिखने लगे हैं।



# दूसरी बार मां बनी एमी शेयर किया पोस्ट...

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस एमी जैक्सन और एड वेस्टविक ने अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया है। एक्ट्रेस ने बीते दिन बेबी बॉय को जन्म दिया है.हाल ही में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर इसकी जानकारी दी। कपल ने अपने न्यू बॉर्न बेबी की पहली झलक भी दिखाई है। उन्होंने बच्चे के नाम से पर्दा उठाया है। साथ ही इसके कैप्शन में लिखा- दुनिया में आपका स्वागत है, बेबी बॉय। ऑस्कर अलेक्जेंडर वेस्टविक. ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीरों में कपल अपने न्यू बॉर्न बेबी को गोद में लिए नदर आ रहे है। कपल के पोस्ट शेयर करते ही बॉलीवुड सेलेब्स और दोस्त बधाइयां दे रहे है। शेयर किए तस्वीर में कपल अपने न्यू बॉन बेबी के साथ पोज देते नदर आ रहे है। तस्वीर के उपर उन्होंने अपने बच्चे का नाम लिखा है।



# तीन घंटे देर से पहुंचने पर फूट-फूटकर रोईं

**मुंबई।** सिंगर नेहा कक्कड़ इस वक्त ऑस्ट्रेलिया दौरे पर हैं। हाल ही में नेहा एक कॉन्सर्ट के लिए मेलबर्न पहुंची, जहां मंच पर जाते ही वो रो पड़ीं। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दरअसल सिंगर अपने शो के लिए तीन घंटे देरी से पहुंची थीं। जिसकी वजह से ऑडियंस नेहा पर भड़क गए और उन्हें वापस जाने के लिए कहने लगे। ऑडियंस की नाराजगी देखते हुए नेहा कक्कड़ ने सबसे माफी मांगी। वायरल वीडियो में, नेहा कक्कड़ को स्टेज पर रोते नजर आ रही है। नाराज लोगों से माफी मांगते हुए नेहा कक्कड़ कहती हैं, 'दोस्तों, आप लोग सच में बहुत प्यारे हो। आपने धैर्य रखा। इतना समय से आप लोग इंतजार कर रहे हो। मुझे इससे नफरत है, मैंने जिंदगी में कभी किसी को इंतजार नहीं करवाया है। आप इतनी देर से इंतजार कर रहे हो।



# 'सिकंदर' का नया गाना हम आपके... जारी

**मुंबई।** काफी समय से सलमान खान फिल्म 'सिकंदर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं। उनकी यह फिल्म ईद के मौके पर रिलीज हो रही है। यह फिल्म इस साल की बहुचर्चित फिल्मों में से एक है, जिसकी दर्शक लंबे समय से राह देख रहे हैं। यह फिल्म आज 30 मार्च, 2025 को सिनेमाघरों का रुख कर रही है। अब इससे पहले निर्माताओं ने 'सिकंदर' का नया गाना 'हम आपके बिना' जारी कर दिया है, जिसे अरिजीत सिंह ने गाया है। 'सिकंदर' में सलमान की जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। नए गाने में दोनों की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान आमिर खान की ब्लॉकबस्टर फिल्म 'गजनी' का निर्देशन कर चुके एआर मुरुगादॉस ने संभाली है।

## टीवी मसाला

# टीवी की हाईएस्ट पेड एक्ट्रेस: एक साल में कमा गई 2.48 लाख करोड़

**मुंबई।** टेलीविजन और फिल्म इंडस्ट्री में जमीन आसमान का अंतर रहा है। दोनों के बीच लंबी खाई रही है जिसे भरने में सालों लग गए लेकिन अभी भी काफी अंतर हैं। दोनों इंडस्ट्री के कलाकरों की फीस में अंतर होता है तो सबका स्ट्रगल भी अलग होता है। खैर अब चीजें बदल भी रही हैं। तभी तो दुनिया में कुछ टीवी कलाकार ऐसे भी हैं जो फिल्म वालों से ज्यादा कमा रहे हैं। अगर आपको अंदाजा है दुनिया का सबसे महंगा टीवी सेलेब्रिटी कौन है। तो चलिए बताते हैं।

***गेम ऑफ थ्रोन्स और लॉर्ड ऑफ द रिंग्स :*** द रिंग्स ऑफ पावर जैसे शो बनने के बाद टीवी शोज का दायरा बढ़ा है। जिनकी रेटिंग्स बहुत बढ़िया रही। इन शोज ने दुनियाभर में जमकर कमाई की तो इनके स्टार्स ने भी भारी भरकम फीस वसूल की। ठीक ऐसे ही दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले टीवी एक्टर को जन्म दिया है, जो 61 साल की एक एक्ट्रेस हैं जिनके पास सबसे ज्यादा कमाई करने का रिकॉर्ड है। 'फोर्ब्स' ने पिछले महीने 2024 के दुनिया के सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स की लिस्ट रिलीज की थी, जिसमें नंबर 11 पर दुनिया की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टीवी स्टार का जिक्र था। ये कोई और नहीं बल्कि 61 साल की मारिस्का हार्गिटे हैं। उनका सबसे लंबा शो Law and Order: Special Victims Unit है जिसे वह 26 साल से काम कर रहे हैं. मारिस्का के शो के नाम ही ये रिकॉर्ड दर्ज है कि वह सबसे लंबे समय तक चलने वाला अमेरिकी प्राइमटाइम ड्रामा है।



***फोर्ब्स की रिपोर्ट में बताया गया :*** फोर्ब्स की रिपोर्ट में बताया गया कि मारिस्का हार्गिटे ने 2024 में $25 मिलियन नेट यानी 2.48 लाख करोड़ रुपये (और $25 मिलियन ग्रॉस) कमाए, जो किसी भी टीवी स्टार के लिए सबसे ज्यादा है। इसी के साथ वह हाइएस्ट पेड टीवी एक्टर बन जाती हैं।

***मारिस्का का नंबर 11:*** फोर्ब्स की सबसे अमीर स्टार्स की लिस्ट में बेशक मारिस्का का नंबर 11 हो लेकिन ये बड़ी उपलब्धि है क्योंकि उन्होंने बड़े बड़े नामों को पीछे छोड़ा है जैसे जेसन स्टैथम ($24 मिलियन), मार्क वाह्लबर्ग और मैट डेमन (दोनों $23 मिलियन), और जेक गिलेनहाल ($22 मिलियन), जो सब मारिस्का के नीचे हैं।

### जॉन सीना से लेकर टॉम क्रूज को पछाड़ा

एक और बड़ी बात नोटिस की जा सकती है। मारिस्का ने बड़े सुपरहीरो फ्रेंचाइजी के सितारे जैसे मार्वल की स्कारलेट जोहानसन ($21 मिलियन) और डीसीयू के जॉन सीना ($23 मिलियन), और टॉम क्रूज ($15 मिलियन) जैसे बड़े बड़े दिग्गज उनके पीछे हैं।

### मारिस्का हार्गिटे की फीस

मारिस्का हार्गिटे को लेकर फोर्ब्स ने कहा था कि एक्ट्रेस ने ये भारी भरकम रकम अपने सुपरहिट शो लॉ एंड ऑर्डर : एसवीयू के जरिए ही हासिल की। 20 साल तक उन्होंने 550 एपिसोड किए। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह $750,000 पर एपिसोड चार्ज करती हैं।

# करण ने तेजस्वी से शादी को लेकर किया खुलासा...



***नई दिल्ली।*** *एक्टिंग की दुनिया में अपनी खास जगह बना चुके अभिनेता करण कुंद्रा ने हाल ही में खुलासा किया है कि उनका अपनी लॉन्ग टाइम गर्लफ्रेंड तेजस्वी प्रकाश के साथ अपनी शादी का क्या प्लान है। बिग बॉस 15 में करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की नजदीकियां बढ़ी थी। इसके बाद से दोनों हर जगह साथ में ही स्पॉट किए गए हैं। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक्ट्रेस की मां बेटी की शादी पर रिएक्शन देते हुए नजर आ रही थीं, जिसे अब करण कुंद्रा ने एआई बताया है। उन्होंने एक न्यूज को दिए इंटरव्यू में खुलासा किया है कि शादी को लेकर उनकी क्या प्लानिंग है। बता दें कि करण और तेजस्वी जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं, जैसा कि तेजस्वी की मां ने हाल ही में 'सेलिब्रिटी मास्टरशेफ' के एक एपिसोड में पुष्टि की थी। जब फराह खान ने तेजस्वी की मां से पूछा, दोनों की शादी कब होगी? तो उन्होंने एक्साइटमेंट में जवाब दिया, इसी साल शादी हो जाएगी। हाल ही में दिए इंटरव्यू में जब उनसे उनकी शादी के मेन्यू के बारे में पूछा गया, तो करण ने खाने के प्रति अपने प्यार को जाहिर करते हुए कहा, 'मैं खाने का बड़ा शौकीन हूं लेकिन जब शादी के खाने की बात आती है, तो मैं इसे पेशेवरों पर छोड़ना पसंद करूंगा।*

# ऋतिक रोशन से पहले बॉलीवुड के इन अभिनेताओं ने निर्देशन में आजमाया हाथ, किसने किया कमाल?

**मुंबई।** ऋतिक रोशन ने कई सुपरहिट फिल्में दी हैं। अब वह निर्देशन की दुनिया में कदम रख रहे हैं। उनके पिता राकेश रोशन ने अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी 'कृष' की कमान उन्हें सौंप दी है। ऋतिक 'कृष' के चौथे भाग 'कृष 4' का निर्देशन करेंगे। वह फिल्म में अभिनय के साथ-साथ निर्देशन की जिम्मेदारी संभालने के लिए भी बेहद उत्साहित हैं। हालांकि, ऋतिक से पहले कई अभिनेता एक्टिंग के बाद निर्देशन जगत का रुख कर चुके हैं।

**आमिर खान :** शुरुआत करते हैं आमिर खान ने, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत में बतौर सहायक निर्देशक काम किया था। हालांकि, बतौर निर्देशक उनकी पहली फिल्म 'तारे जमीन पर' थी। फिल्म में उन्होंने अभिनय भी किया था। इस फिल्म को भारत की तरफ से ऑस्कर तक में भेजा गया था। यही नहीं, फिल्म ने 3 राष्ट्रीय पुरस्कार जीते थे। 12 करोड़ रुपये के बजट में बनी इस फिल्म ने 98 करोड़ रुपये कमाए थे। आमिर की यह फिल्म यूट्यूब पर है।



**अजय देवगन और कुणाल खेमू :** अजय देवगन ने साल 2008 में पहली बार सफल फिल्म 'यू मी और हम' का निर्देशन किया था। हालांकि, उनके निर्देशन में बनीं 'शिवाय', 'रनवे 34' और 'भोला' बॉक्स ऑफिस पर कमाल नहीं दिखा सकीं। अब अजय जल्द ही अक्षय कुमार को लेकर एक फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। उधर अभिनेता कुणाल खेमू ने फिल्म 'मडगांव एक्सप्रेस' का निर्देशन कर जमकर वाहवाही लूटी। इसमें सर्वश्रेष्ठ निर्देशन के लिए हाल ही में उन्होंने आईआईएफए पुरस्कार भी अपने नाम किया था।

***अरबाज खान और रितेश देशमुख :*** *अरबाज खान ने भाई सलमान खान की फिल्म 'दबंग 2' के लिए निर्देशक की टोपी पहनी थी। 50 करोड़ रुपये की लागत से बनी इस फिल्म ने लगभग 253 करोड़ रुपये कमाए थे। दूसरी ओर रितेश देशमुख साल 2022 में आई सफल मराठी फिल्म 'वेड' का निर्देशन किया था, इस फिल्म में रितेश लीड रोल में थे। इसके अलावा रितेश साल शिवाजी महाराज की कहानी पर आधारित फिल्म राजा शिवाजी का निर्देशन भी कर रहे हैं।*

***राज कपूर और फिरोज खान :*** *हिंदी सिनेमा के शो मैन राज कपूर ने जहां एक ओर अपनी दमदार अदाकारी से दर्शकों के बीच अपना खूब जादू चलाया, वहीं निर्देशन जगत में वह अपनी धाक जमाने में कामयाब रहे। उन्होंने 'आग से लेकर 'संगम', 'मेरा नाम जोकर' और 'श्री 420' जैसी कई सुपरहिट फिल्मों का निर्देशन किया। उधर फिरोज खान ने अभिनेता और निर्देशक के तौर पर 'अपराध' और 'धर्मात्मा' जैसी कई बड़ी हिट फिल्में दीं। उनके निर्देशन को भी लोगों ने जमकर सराहा।*

## वितरकों से लेकर निवेशकों तक का पैसा दांव पर लगा था

# भारत की ये महंगी फिल्म बनी थी सबसे बड़ी फ्लॉप, कर्ज में डूबा था पूरा बॉलीवुड

***मुंबई।*** *बॉलीवुड में 80 के दशक में कई फिल्में बनीं। कुछ ने जहां कामयाबी की नई कहानी लिखी, वहीं कुछ का बॉक्स ऑफिस पर ऐसा हश्र हुआ कि निर्माता-निर्देशक ने भी सिर पकड़ लिया। ऐसी ही एक फिल्म थी, जिसने न सिर्फ दिग्गज निर्देशक कमाल अमरोही का करियर खत्म कर दिया, बल्कि पूरी इंडस्ट्री को कर्ज में डुबा दिया। फिल्म इतनी बड़ी फ्लॉप साबित हुई कि इसका नाम इतिहास में दर्ज हो गया। आइए इस फिल्म के बारे में विस्तार से जानें।*



### रजिया सुल्तान

**हेमा मालिनी हीरोइन तो हीरो थे धर्मेंद्र :** इस फिल्म का नाम था 'रजिया सुल्तान', जिसकी हीरोइन हेमा मालिनी और हीरो थे धर्मेंद्र। दोनों की जोड़ी तब हिट की गारंटी मानी जाती थी, लेकिन उनका स्टारडम भी इसे नहीं बचा पाया। हिंदी सिनेमा की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्मों में एक बनी इस फिल्म के निर्देशक कमाल अमरोही थे, जिन्होंने इससे पहले 'पाकीजा' और 'महल' जैसी शानदार फिल्मों का निर्देशन किया था, लेकिन उनकी फिल्म 'रजिया सुल्तान' ने पूरे हिंदी सिनेमा को तबाही की कगार पर पहुंचा दिया था।

### रजिया सुल्तान को दर्शकों ने नकारा

'मुगल-ए-आजम' और 'बाहुबली' जैसी कई ऐतिहासिक फिल्मों ने भारतीय सिनेमा पर अपनी गहरी छाप छोड़ी है। ऐसी ज्यादातर फिल्में बॉक्स ऑफिस पर सफल रही हैं, लेकिन 'रजिया सुल्तान' को बॉलीवुड के इतिहास की महाफ्लॉप फिल्म कहा जाता है। निर्देशक ने 'पाकीजा' की रिलीज के बाद दिल्ली सल्तनत की पहली महिला शासक- रजिया सुल्तान पर फिल्म बनाना शुरू किया था, लेकिन भारत की एकमात्र महिला मुस्लिम शासक की इस फिल्म को दर्शकों ने साफ नकार दिया था।

### 'रजिया सुल्तान' बनी निर्देशक की आखिरी फिल्म

फिल्म में परवीन बाबी भी थीं। उनके एक सीन पर खूब बवाल मचा था, जिसमें वह हेमा के साथ रोमांस कर रही थीं, वहीं फिल्म में इस्तेमाल किए गए जटिल उर्दू शब्द भी लोगों की समझ से परे थे। इसके बाद कमाल ने लंबा ब्रेक लिया। बाद में वह 2 फिल्में 'मजनून' और 'बहादुरशाह जफर' बनाने वाले थे, जो किसी कारण बन नहीं पाईं। 1993 में कमाल का निधन हो गया और 'रजिया सुल्तान' उनकी आखिरी फिल्म बनकर रह गई।



### कंगाल हो गए थे निर्देशक

रजिया सुल्तान के निर्देशक कमाल ने यहां तक कि क्रू मेंबर्स से भी पैसे उधार लिए थे। उन्हें यकीन दिलाया कि वह मुनाफा होने के बाद उन्हें पैसे वापस करेंगे। हालांकि, फिर उन्हें अपनी जेब से पैसे भरने पड़े थे। इस फिल्म ने बस 2 करोड़ रुपये कमाए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म के फ्लॉप होने के बाद कुछ वक्त के लिए पूरी इंडस्ट्री कर्ज में डूब गई थी। जैसे-तैसे करके निवेशकों ने तो अपने पैसे निकाल लिए, लेकिन कमाल कंगाल हो गए थे।

### फिल्म बनने में लगे 7 साल

रजिया सुल्तान फिल्म पर काम 1975 में शुरू हुआ था। कई बदलावों के बाद यह 1983 में रिलीज हुई। कमल स्पेशल इफेक्ट्स के लिए हॉलीवुड भी गए थे। उन्होंने इसे बनाने में 10 करोड़ रुपये खर्च किए थे, जिसकी वजह से यह उस वक्त भारत की सबसे महंगी फिल्म बन गई थी।कमल ने फिल्म पर जहां अपने सारे पैसे लगा दिए, वहीं उन्होंने इसे बनाने के लिए कर्ज भी लिया। वितरकों से लेकर निवेशकों तक का पैसा दांव पर लगा था।

30 JANJ-JANJ PG-04_Layout 1 3/30/2025 9:36 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### शनि मंदिर के पास जरुरतमंदों को वितरित किया हलवा-पूरी



**सक्ती।** सेवा कार्य में अग्रणी आंल इंडिया लीनेस क्लब्स डिस्ट्रिक्ट सी एम -1संपदा की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन लीनेस मंजू जायसवाल ने अपने डिस्ट्रिक्ट प्रोजेक्ट भूखे को भोजन के तहत शानि मंदिर के पास भूखे और जरूरत मंदों को पूरी, सब्जी एवं हलवा का वितरण किया इस अवसर पर अनीता सिंह, विजया जायसवाल, अल्का कंवर, भगवती देवांगन,मीरा देवांगन, रीता राज, ललिता साहु एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### श्याम भजनों की प्रस्तुति देंगे भजन गायक 4 को

**सक्ती।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्याम प्रेमियों के लिए श्याम अखाड़ा का आयोजन नगर की प्रतिष्ठित फर्म मांगेराम मानस अग्रवाल के द्वारा अपने निवास श्याम कुटीर (जिंदल प्लाजा के पीछे) में श्याम भजन का आयोजन रखा गया है। इसमें महाराज मानवेंद्र सिंह चौहान (मंत्री ) निज मंदिर श्री श्याम मंदिर कमेटी खाटू श्याम का सानिध्य सभी श्याम भक्तों को मिलेगा। साथ ही देश के सुप्रसिद्ध भजन सम्राट अपने भजनों की प्रस्तुति देंगे। इस वर्ष सुप्रसिद्ध भजन गायक राज पारिक , मोनू सुल्तानिया, लव अग्रवाल,राज गुरु (कोलकाता) आयुष सोमानी (जयपुर) बाबा के भजनों से भक्तों को रिझाएंगे। महाराज मानवेंद्र सिंह चौहान मंदिर ट्रस्ट के मंत्री बनने के बाद उनका पहली बार सक्ती नगर में आगमन होगा। इस साल भी बाबा के श्रृंगार के पुष्प कोलकाता, मुंबई , बैंगलोर , पूना और थाईलैंड से आ रहे है।

### प्रकाश कटकवार का अग्निवीर में चयन

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह अंतर्गत ग्राम



पंचायत सिलादेही से श्रीमती हरिमति – लक्ष्मण प्रसाद कटकवार के 19 वर्षीय पुत्र प्रकाश कटकवार का अग्निवीर में चयन हुआ है। उनके चयन होने पर लोगों ने खुशी जताई और उनके भविष्य की मंगलमय कामना की है।

### जवाहर नवोदय स्कूल में निधि व सुरेन्द्र का चयन

**मल्दा।** एम. एल. बी. हायर सेकेंडरी स्कूल मल्दा के छात्रों के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन बोर्ड परीक्षा , प्री





केव्हीएस परीक्षा एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षा में विगत वर्षों से रहा है। इस परीक्षाओं के क्रम में छात्रा निधि कश्यप पिता सरोज कुमार कश्यप ने जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा में सफलता प्राप्त कर विद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया है। साथ ही विद्यालय का छात्र सुरेंद्र यादव पिता भईयाराम यादव माता श्रीमती शांति बाई ने अग्निवीर चयन परीक्षा में उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर अग्निवीर में चयनित हुए उनकी इस उपलब्धि पर परिवार शिक्षकों और समाज के लोगों में हर्ष का माहौल है। विद्यालय के संचालक डिगेश्वर कश्यप ने कहा कि यह उनकी कड़ी मेहनत माता-पिता के सहयोग और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है।

### सरस्वती शिशु मंदिर का छात्र अतुल नवोदय के लिए चयनित

**बिर्रा।** जवाहर नवोदय विद्यालय चिस्दा द्वारा



आयोजित प्रवेश परीक्षा में का परिणाम गत दिनों जारी हुआ। इस परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर बिर्रा के छात्र अतुल्य देवांगन का प्रथम प्रयास में नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुआ है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता एवं गुरुजनों को दिया है। उनके चयन होने से लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## निधन

### साजन मल बजाज

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय के केरा रोड निवासी प्रतिष्ठित नागरिक एवं व्यवसायी साजन मल



बजाज का शनिवार 29 मार्च को निधन हो गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार रानी तालाब स्थित मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र रमेश बजाज ने दी। उनके अंतिम यात्रा में परिजन एवं समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### श्रीमती सुमन शर्मा

**पामगढ़।** समीपस्थ ग्राम मेंऊ के प्रतिष्ठित नागरिक अविनाश शर्मा की पत्नी सुमन (रूबी) शर्मा का



रविवार 30 मार्च की सुबह 37 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम मेंऊ के मुक्तिधाम में किया गया। मुखाग्नि उनके बेटे ने दी। वे अपने पीछे दो बेटे सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

---

पूजा पाठ कराकर सौंपी गई घर की चाबी

# प्रधानमंत्री आवास के साढ़े नौ हजार से अधिक हितग्राहियों ने हिन्दू नववर्ष पर किया गृह प्रवेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हिन्दू नववर्ष एवं नवरात्रि के पहले दिन पीएम आवास के हितग्राहियो को अपना आवास मिल गया। पूजा-पाठ कर जिले में साढ़े नौ हजार हितग्राहियों ने गृह प्रवेश किया। हर ब्लाक मुख्यालय एवं ग्राम पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन कर हितग्राहियों को घर की चाबी सौंपी गई।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के तहत जिले में जिन हितग्राहियों के आवास बनकर तैयार हो गए हैं, उनका गृहप्रवेश नवरात्रि पर्व के अवसर किया गया। ग्राम पंचायतों व ब्लाक मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के अवसर पर महा गृह प्रवेश उत्सव का राज्यव्यापी आयोजन 30 मार्च को किया है। इस कार्यक्रम में जिले के 9 हजार 654 पूर्ण आवास में पूजा अर्चना के उपरांत परिवार के सदस्यों को माला पहनाकर और चाबी सौंपकर ग्रह प्रवेश किया गया। उल्लेखनीय है कि 30 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बिलासपुर में महा गृह प्रवेश उत्सव के भव्य आयोजन में शामिल हुए। इस दौरान



नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम तुलसी में पूजा–पाठ के बाद हितग्राही को गृह प्रवेश कराते अधिकारी।

प्रदेश के लाखों ग्रामीण परिवारों को उनके नए नव निर्मित प्रधानमंत्री आवास में गृह प्रवेश कराएँगे तथा नए हितग्राहियों को आवास स्वीकृत का प्रमाण पत्र भेंट किए। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला वर्तमान में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लक्ष्य 60849 है। जिसमें से 49975 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गई है। 41905आवासों को पहली किशत और 25753 को द्वितीय किशत मिल चुकी है, और 5325 को तीसरी किस्त दी गई। जिले में अब तक 9654 आवास पूर्ण हो चुके हैं। शेष निर्माण कार्य प्रगतिशील है। प्रतिदिन आवास का निर्माण पूरा हो रहा है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान स्वीकृत किए गए आवास के आधार पर ही राज्य शासन द्वारा महा गृह प्रवेश उत्सव करने का निर्णय लिया गया था। इस कार्यक्रम को मोर आवास मोर अधिकार के तहत आयोजित किया गया, जिसमें हितग्राहियों ने अपने अनुभवों साझा किया।

### डभरा ब्लॉक में 3 हजार को मिला प्रधानमंत्री आवास का लाभ

**डभरा।** जनपद पंचायत डभरा क्षेत्रांतर्गत आने वाले सभी पंचायतों में 20 हजार हितग्राहियों को पीएम आवास योजना के तहत लाभ दिया जाना है। इनमें से 3000 हितग्राहियों के आवास का निर्माण पूर्ण हो चुका हैं। आवास निर्माण के बाद हितग्राहियों को हिन्दू नववर्ष के मौके पर गृह प्रवेश कराया गया। जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी चंद्र कुमार आदिले और जनपद के अन्य अधिकारी कोमल पटेल, भोलाराम पटेल, आरईएस के इंजियनर परमेश्वर पटेल , आवास के कोऑर्डिनेटर आशीष पटेल भी प्रत्येक पंचायत में हो रहे गृह प्रवेश कार्यक्रम के दौरान स्वयं भी ग्राम पंचायत भिड़ींकोना और ग्राम पंचायत छुहिपली के पूर्ण हो चुके हितग्राहियों के गृह प्रवेश कार्यक्रम में उपस्थित हुए।





ट्रांसफार्मर के मरम्मत कार्य में जुटे मंडल के कर्मचारी।

## गर्मी में लोगों को 24 घंटे बिजली पहुंचाने जुटे मंडल के कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेल्हाडीह-जेठा

तापमान बढ़ने के साथ गर्मी अब अपने चरम सीमा में पहुंचने लगी है। वहीं तकनीकी खराबी आने के चलते समय बेसमय होने वाली बिजली गुल की समस्या से निजात दिलाने मंडल के कर्मचारी जुए गए है। सूचना मिलने पर तत्काल मौके पर पहुंचकर बिजली आपूर्ति सुचारु करने जुट जा रहे है।

उपभोक्ताओं को असुविधाओं से बचाने के लिए एवं 24 घंटे सातों दिन बिजली मुहैया करवाने की कोशिश को लेकर बाराद्वार विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री दिलीप सिंह राज के निर्देश पर विभाग के कर्मचारी सभी मुख्यालयों के ग्राउंड में जाकर बिजली व्यवस्था को दूरस्थ करने लगे हुए है। वही ट्रांसफार्मर के खराब हो जाने पर तत्काल लाइनमैन और उनके सहयोगी के द्वारा ट्रांसफार्मर को बिजली के पोल पर रस्सी से बांध कर हाथों से खींच खींच कर रिप्लेसमेंट कर रहे है, जिससे उपभोक्ताओं को बिजली की आपूर्ति 24 घंटे उपलब्ध हो सके। वहीं लवसरा/ रानीगाव मुख्यालय के बिजली विभाग के कर्मचारी मनोज लहरें के द्वारा लगातार रात रात को जाग जाग कर ट्रासंफार्मर रिप्लेसमेंट किया जा रहा है। इस कार्य में सहयोगी शिवचरण बरेठ और माखन सिंह भी अपनी जिम्मेदारी निभा रहे है। मनोज लहरें ने कहा कि हमारी कोशिश रहती है कि वे 24 घंटे बिजली की सुविधा लोगों को मुहैया करा सके।

## मुड़पार में शिविर लगा कर किसानों का किया पंजीयन




**तुस्मा।** शिवरीनारायण तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मुड़पार में किसान फॉर्मर एग्रीटेक पंजीनयन के लिए पंचायत भवन में शिविर लगाकर शेष किसानों की अनिवार्य रूप से पंजीयन किया गया। शिवरीनारायण तहसीलदार अविनाश चौहान ने लोगो को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा है कि सभी किसानों को किसान फॉर्मर एग्रीटेक पंजीनयन करवाना अनिवार्य है ताकि आप सभी को राज्य एवं केंद्र सरकार की जो भी महत्वाकांक्षी योजना है इसका सीधा लाभ किसानों को मिल सके इसके लिए सभी किसानों की पर्ची का पंजीयन कर पूरा डेटा एकत्रित किया जा रहा है। साथ ही यह भी कहा गया कि अभी तक जो भी किसान फॉर्मर एग्रीटेक का पंजीयन नहीं कराया है ओ सभी अनिवार्य रूप से करवा लेवे अन्यथा शासन से मिलने वाली विभिन्न योजनाओं से आप वंचित रह जाओगे और शासन की जो भी योजनाएं है इसका सीधा लाभ आपको नहीं मिल पायेगा। इस बीच तहसीलदार अविनाश चौहान,पटवारी परवरिश टंडन,ग्राम सरपंच हेमा भूपेंद्र साहू,उपसरपंच अशोक कर्ष कोटवार सिद्धार्थ कश्यप एवं समस्त पंच गढ़ साथ ही जन सेवा केंद्र के संचालक जगदीश कुमार पटेल मौजूद रहे।

## इको क्लब का उद्देश्य पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूकता व सचेत करना : दीवान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा के निर्देशानुसार कलेक्टर आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय यूथ एंड इको के संचालन हेतु मिडिल स्कूल के शिक्षकों को बीआरसी भवन में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया।

**खास बात**

- यूथ एंड इको क्लब संचालन हेतु मिडिल स्कूल के शिक्षकों को दिया गया दो दिवसीय प्रशिक्षण

बम्हनीडीह बीईओ एम डी दीवान एवं बीआरसी हिरेद्र बेहार ने प्रशिक्षण का शुभारंभ किया । प्रशिक्षण में ब्लॉक के 78 मिडिल स्कूल के शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया ।यूथ एवं इको क्लब के अंतर्गत पोषण वाटिका , जल सरंक्षण , प्लास्टिक नियंत्रण आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया । बीईओ एम डी दीवान ने कहा कि यूथ क्लब के तहत बच्चों में जीवन जीने का कौशल आत्मसम्मान एवं आत्मविश्वास विकसित करना है । इको क्लब के मकसद पर्यावरण सरंक्षण के प्रति जागरूकता और पर्यावरण से जुड़े मुद्दों के प्रति सचेत करना है । उन्होंने सभी शिक्षको को प्रशिक्षण के बाद अपने अपने स्कूलों में यूथ एंड इको क्लब के प्रभावी संचालन करने के निर्देश दिए । बीआरसी हिरेद्र बेहार ने यूथ एंड इको क्लब की महत्ता एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए पोषण वाटिका ,जल संरक्षण आदि विषयो पर विस्तृत जानकारी दी । मास्टर ट्रेनर देवकुमार सूर्यवंशी , आशुतोष गौरहा , कमलेश गुप्ता , घनश्याम डडसेना ने प्रथम दिवस पोषण वाटिका को कैसे संचालित करे , बच्चों में पर्यावरण के प्रति रूचि के साथ जैविक तकनीक जैसे बीजामृत , जीवामृत तथा नीम अर्क के निर्माण व उपयोग की विधि बताई ।द्वितीय दिवस प्लास्टिक साक्षरता के अंतर्गत प्लास्टिक के दुष्प्रभाव प्रकार व प्लास्टिक के विकल्प पर शिक्षकों द्वारा प्रस्तुति दी गयी । इस अवसर पर परमेश्वर राठौर , मोहन यादव , उपेंद्रगिरी गोस्वामी , लखन कश्यप , डीपी राठौर , संदीप यादव , सुरेश बरेठ , जीवन राठौर , सहित ब्लॉक के मिडिल स्कूल के शिक्षक उपस्थित थे ।




प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी एवं शिक्षक।

## पोता में रुद्र महायज्ञ के लिए निकाली गई कलश यात्रा

**मालखरौदा-पोता।** ग्राम पंचायत पोता में विगत 52 वर्षों से विश्व शांति के लिए श्री रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया रहा है। इस वर्ष भी 27 मार्च को भगवान भोले शंकर का मूर्ति स्थापना के साथ ही रुद्र महायज्ञ शुरू हुआ। 27 मार्च को जहां मूर्ति स्थापना हुआ। 29 मार्च को कलश यात्रा निकाली गई। मंदिर परिसर से तालाब तक बड़ी संख्या में महिलाएं सिर में कलश उठाकर सोलाही तालाब पहुंची तथा जल भरकर भगवान भोले शंकर के मंदिर तक पुनः पहुंचे। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे। 30 मार्च को वेदी पूजन हुआ तथा 31 मार्च को हवन का कार्यक्रम होगा। जबकि पूर्ण आहुति एवं ब्राह्मण भोजन 6 अप्रैल को होगा। यह आयोजन पोता के रुद्र महायज्ञ समिति द्वारा हर वर्ष किया जाता है। वही इस अवसर पर यहां पर मेंला का भी आयोजन किया गया है। मेला में खेल, तमाशा, सिनेमा, सर्कस, डांस, झूला सहित विभिन्न मनोरंजन के साधन पहुंचे है। मेला देखने मालखरोदा, कलमी, मोहतरा, अमनदुला, चरोदा, मुक्ता, चरोदी, बंदोरा, करीगांव ,बड़े पाड़रमुडा के ग्रामीण परिवार सहित पहुंच रहे है।



## देबस्मिता के शास्त्रीय संगीत सुनकर भावविभोर हुए श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा में भारतीय शास्त्रीय संगीत कार्यक्रम स्पिक मैके का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्व विख्यात युवा सरोद वादिका देबस्मिता भट्टाचार्य एवं उनके साथ तबला वादक के रूप में दीपक कुमार साहू ने भाग लिया।

देबस्मिता भट्टाचार्य भारतीय शास्त्रीय संगीत की युवा कलाकार हैं जिन्होंने देश विदेश में कार्यक्रम की प्रस्तुतियां देकर भारतीय शास्त्रीय संगीत की गरिमा प्रतिष्ठित करने में अपनी अहम भूमिका निभाई है। देब स्मिता भट्टाचार्य कोलकाता के भारतीय शास्त्रीय संगीत कलाकार परिवार से संबंध रखती हैं और उन्होंने अपने पिता से ही सरोद वादन करना सीखा है। उनके सरोद वादन से उपस्थित श्रोतागण भाव विभोर हो उठे। उन्होंने श्रोताओं से भारतीय शास्त्रीय संगीत की महत्वपूर्ण विशेषताओं को साझा किया। उन्होंने बताया कि स्पीक मैके समिति के संस्थापक करण सेठ का उद्देश्य लोगों को भारतीय शास्त्रीय संगीत से जोड़ना है ताकि हमारी संस्कृति कभी विस्मृत न हो। ह सोसाइटी देश के युवा कलाकारों को भारतीय शास्त्रीय संगीत से जुड़ने के लिए प्रेरित करती है। कार्यक्रम में प्रस्तुति देने आए अतिथियों का सम्मान अध्यक्ष गोपाल राम , प्राचार्या श्रीमती अंजली दुबे एवं सोनाली सिंह प्राचार्या ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल बनारी के द्वारा श्रीफल, शॉल एवं पदक भेंट कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारहवीं की छात्रा श्रीयती दुबे एवं विद्यालय शिक्षिका श्रीमती ममता साहू के द्वारा किया गया। आभार प्रदर्शन प्राचार्या श्रीमती अंजली दुबे ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थी, अभिभावक एवं क्षेत्रवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**खास बात**

- अघोर विद्यापीठ में शास्त्रीय संगीत स्पिक मैके का किया गया आयोजन



## पोस्ट ऑफ द मंथ अवार्ड से रेखा सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

जिले में संचालित आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम अंतर्गत माह जनवरी के जिला स्तर एवं फरवरी का ब्लॉक स्तर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कुरदा की शिक्षिका रेखा देवांगन को पोस्ट आफ द मंथ अवार्ड जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा में प्रदान किया गया।

जिला परियोजना समन्वयक राजकुमार तिवारी, एपीसी प्रदीप शर्मा द्वारा रेखा देवांगन को प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर संम्मानित किया गया। विनोबा एप शिक्षक समुदाय के लिए एक ऐसा मंच है जहां शिक्षकों के कार्यो की पहचान और सराहना होती है। शिक्षक विद्यालयीन शैक्षणिक गतिविधियों को ऐप के माध्यम से साझा करते है। यह एक डिजिटल प्लेटफॉर्म है । यह हर महीने शिक्षकों के द्वारा पोस्ट किए गए उनके कार्य गतिविधियों को इस कार्यक्रम के माध्यम से पहचान कर शिक्षकों को उनके अच्छे कार्य के लिए विजेता घोषित कर ब्लॉक एवं जिला स्तर पर पोस्ट आफ मंथ अवार्ड दिया जाता है। ओपन लिंक्स फाउण्डेशन की यह अभिनव पहल है। शिक्षक समुदाय जुड़कर अपने नवाचारी गतिविधियों को ऐप में अपलोड करते है। गतिविधियों को अभिव्यक्त करने का एक अच्छा माध्यम है । इस अवसर पर विनोबा ऐप के जिला समन्वयक अजहर , भूपेंद्र चंद्रा सहित जिले के शिक्षकगण उपस्थित थे ।



अतिथि के हाथों सम्मान प्राप्त करती शिक्षिका रेखा देवांगन।

## तीन बातों को ध्यान में रखकर जीवन को बना सकते हैं सार्थक : आनंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

कोरबा रोड स्थित मनोज मित्तल के निज निवास में 28 मार्च को एक भव्य आध्यात्मिक सत्संग समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में आयोजक मनोज मित्तल प्रभु ने सर्वप्रथम ईस्कान मंदिर से पहुंचे संत आनंद मुरारी प्रभु का पुष्प हार से स्वागत, अभिनन्दन एवं चरण अभिवादन किया गया। इसी क्रम में सजन अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, चांपा सेवा संस्थान के प्रमुख पुरषोत्तम शर्मा, शिक्षक एवं साहित्यकार डॉ रविन्द्र द्विवेदी ने भी प्रभु का पुष्पाहार से स्वागत कर आशीर्वचन प्राप्त किए। आयोजित आध्यात्मिक सत्संग समारोह में ईस्कान मंदिर के प्रसिद्ध संत आनंद मुरारी प्रभु ने अपना दिव्य प्रवचन दिया। प्रख्यात इस्कान संत प्रभु आनंद मुरारी ने कहा कि जब तक हमारा जीवन हैं नवयुवकों को तीन बातों को हमेशा ध्यान में रखकर कार्य करना चाहिए । पहला हैं इंद्रियों में संयम रखना । हमारी पांच इंद्रिया यथा आंखें, कान, नाक, जीभ और त्वचा हमें दुनियां के बारे में जानकारी देती रहती हैं, लेकिन अगर हम इन इंद्रियों को नियंत्रित नहीं करते हैं तो वे हमें गलत दिशा में ले जा सकती हैं। इसीलिए हमें अपनी इंद्रियों में संयम रखना चाहिए और उन्हें सही दिशा में उपयोग करना चाहिए। दुसरी हैं शरणागति। शरणागति का अर्थ हैं किसी उच्च शक्ति या गुरु की शरण में जाना। यह हमें जीवन के उतार-चढ़ाव में स्थिरता और शांति प्रदान करता हैं। जब हम किसी उच्च शक्ति या गुरु की शरण में जाते हैं तो हमें उनकी शक्ति और ज्ञान का लाभ मिलता हैं और अंत में तीसरी बात हैं अपने कर्तव्यों का सदैव निर्वहन करना। हमारे जीवन में कई कर्तव्य होते हैं, जैसे कि परिवार के प्रति कर्तव्य, समाज के प्रति कर्तव्य और अपने आप के प्रति कर्तव्य। हमें इन कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए और अपने जीवन को सही दिशा में ले जाना चाहिए। उन्होंने आध्यात्मिक प्रवचन स्थल पर दृढ़ता के साथ पुनः कहा कि इन तीन बातों को ध्यान में रखकर कार्य करने से हम अपने जीवन को सार्थक और सफल बना सकते हैं। इस अवसर पर शेष सेवादास, विनोद बंसल, संजय मिश्रा, नेत्रपाल सिंह, चन्द्र प्रभाकर, ऋषि अग्रवाल, रितेश, मुकेश, सजन अग्रवाल, दिनेश मित्तल, संतोष अग्रवाल, गोपाल मित्तल, नारायण मित्तल, शैलैष शर्मा, शशिभूषण सोनी, डॉ. रविंद्र द्विवेदी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

- कोरबा रोड स्थित मित्तल निवास में ईस्कान मंदिर के संत का आयोजित हुआ आध्यात्मिक सत्संग



सत्संग में व्याख्यान देते आनंद मुरारी।

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
06 मई से 15 मई , 20 मई से 29 मई ,
03 जून से 12 जून 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मनाभ स्वामी)
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
Jai Mata Di
Shree Tripur Tirth Yatra Samiti
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411